हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

हर खबर पर पैनी नजर

वर्ष:4 अंक:360 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये | pathpravah.com | हरिद्वार, शनिवार, 03 जनवरी 2026





# सीएम पुष्कर धामी ने जन-जन की सरकार अभियान की परखी जमीनी हकीकत

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को देहरादून जनपद के रायपुर ब्लॉक अंतर्गत खैरीमान सिंह में आयोजित न्याय पंचायत स्तरीय शिविर का निरीक्षण कर 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के क्रियान्वयन की जमीनी पड़ताल की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत आयोजित बहुद्देश्यीय शिविर में जन-समस्याओं के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली और आमजन से सीधे संवाद कर अभियान को लेकर फीडबैक प्राप्त किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा सरकारी योजनाओं और सेवाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर 102 दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान का मूल उद्देश्य प्रशासन को सीधे आमजन के द्वार तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जन-समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि यह अभियान अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने का माध्यम है, जिसे पूरी संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और प्रभावशीलता के साथ संचालित किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख सरोजिनी जवाड़ी, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान सहित मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, एसडीएम हरि गिरि, परियोजना निदेशक विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### बुलेट ट्रेन परियोजना में बड़ी उपलब्धि, महाराष्ट्र के पालघर में पहाड़ी सुरंग-5 का हुआ परीक्षण

नयी दिल्ली। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक अहम उपलब्धि के तहत महाराष्ट्र के पालघर जिले में शुक्रवार को पहाड़ी सुरंग (एमटी)-5 को सफलतापूर्वक खोल दिया गया है। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी यह सुरंग विरार-बोईसर स्टेशनों के बीच स्थित है। इससे पहले सितंबर 2025 में ठाणे-बीकेसी के बीच पांच किमी लंबी देश की पहली अंडरग्राउंड हाई-स्पीड रेल टनल पूरी की गयी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को यहां स्थित रेल भवन से ही ऑनलाइन माध्यम से इस समारोह में जुड़े और रेलवे की इस उपलब्धि को देखा। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह 1.5 किलोमीटर लंबी पहाड़ी सुरंग पालघर जिले की सबसे लंबी सुरंगों में शामिल है और यह विरार तथा बोइसर बुलेट ट्रेन स्टेशनों के बीच स्थित है। उन्होंने बताया कि यह महाराष्ट्र में बुलेट ट्रेन परियोजना की दूसरी सुरंग है जिसका कार्य पूरा हो चुका है। इससे पहले ठाणे और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) के बीच पांच किलोमीटर लंबी भूमिगत सुरंग का कार्य सितंबर 2025 में पूरा किया गया था। उन्होंने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद के बीच 508 किलोमीटर लंबी बुलेट ट्रेन परियोजना गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा एवं नगर हवेली से होकर गुजरती है। उन्होंने बताया कि जापान की तकनीक पर आधारित यह ट्रेन 320 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी और मुंबई से अहमदाबाद की सात से आठ घंटे की यात्रा को महज दो घंटे 17 मिनट में सीमित कर देगी। उन्होंने बताया कि इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 1.08 करोड़ रुपये है और इसका करीब 55 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने कहा कि आज बुलेट ट्रेन परियोजना में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। 'माउंटेन टनल-पांच' की खदाई पूरी होना काफी बड़ी उपलब्धि है। बुलेट ट्रेन परियोजना में कुल सात पहाड़ी सुरंग हैं और एक सुरंग समुद्र के नीचे है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में कुल 12 स्टेशन हैं। इनमें महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे, विरार, बोईसर और गुजरात में वापी, बिलीमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आणंद, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। मुंबई का टर्मिनल स्टेशन बीकेसी है। उन्होंने बताया कि इतनी दूरी के लिए आम तौर पर दो डिपो बनाए जाते हैं, लेकिन इस रेल परियोजना में तीन डिपो बने हैं।



### धर्मेंद्र को याद कर भावुक हुए अमिताभ बच्चन

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र को याद कर भावुक हो गये। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवम्बर को निधन हो गया था। एक जनवरी 2026 को उनकी आखिरी फिल्म इक्कीस को सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा हाल ही में फिल्म 'इक्कीस' का प्रमोशन करने शो 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में पहुंचे थे। इस दौरान शो के होस्ट अमिताभ बच्चन दिवंगत धर्मेंद्र को याद कर भावुक हो गए। अमिताभ बच्चन ने कहा, फिल्म इक्कीस हमारे लिए वो आखिरी अनमोल निशानी है, जो कि हिंदी फिल्म जगत के महान विभूती अपने करोड़ों फैन्स के लिए छोड़कर गए। एक कलाकार अपनी सांस के अंतिम छोर तक कला की साधना करना चाहता है।और कुछ ऐसा ही किया मेरे दोस्त, मेरे परिवार, मेरे आदर्श धर्मेंद्र देओल जी ने। अमिताभ ने कहा कि धर्मेंद्र सिर्फ एक शख्स नहीं थे, एक एहसास थे और एहसास जो होता है, वो कभी जाने नहीं देता। वो बस यादें और दुआएं बनकर साथ चलते रहते हैं।

# पीएम मोदी आज करेंगे पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी का उद्घाटन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को राय पिथोरा सांस्कृतिक परिसर में पिपरावा से प्राप्त अवशेषों, अस्थि-कलशों और रत्न अवशेषों की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

संस्कृति मंत्रालय इस प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है और यह ऐतिहासिक प्रदर्शनी 127 वर्षों बाद वापस लाये गये भगवान बुद्ध के पिपरावा रत्न अवशेषों को फिर से दुनिया को दिखाने के लिए है। अवशेषों को हाल ही में भारत वापस लाया गया है। श्री मोदी शुक्रवार को सुबह 11 बजे इस प्रदर्शनी की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही 1898 और फिर 1971-1975 में पिपरावा स्थल पर हुई खुदाई से प्राप्त अवशेषों, रत्न अवशेषों और अवशेष पात्रों का भी एक बार फिर संगम हुआ है।

आधिकारिक सूचना के अनुसार 'प्रकाश और कमल : प्रबुद्ध व्यक्ति के अवशेष'



शीर्षक वाली यह प्रदर्शनी संस्कृति मंत्रालय के अधीन विभिन्न सांस्कृतिक संस्थानों से सम्बंधित प्राचीन वस्तुओं और कलाकृतियों को विषयगत रूप से प्रदर्शित करती है। ये अवशेष बुद्ध से सम्बंधित सबसे व्यापक संग्रह का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह गहन दार्शनिक अर्थ, उत्कृष्ट शिल्प कौशल और वैश्विक आध्यात्मिक महत्व का प्रतीक हैं। प्रदर्शनी में छठी शताब्दी ईसा पूर्व से लेकर वर्तमान तक की 80 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं। इनमें मूर्तियां, पांडुलिपियां, थांगका और आनुष्ठानिक वस्तुएं शामिल हैं। संस्कृति मंत्रालय ने यह आयोजन गत वर्ष जुलाई में सार्वजनिक-निजी साझेदारी के माध्यम से हासिल की गई कलाकृतियों की सफल वापसी की याद में किया जिसके चलते सोथबीज़ हांगकांग में नीलामी रोक दी गई थी। वर्ष 1898 की खुदाई के बाद पहली बार, इस प्रदर्शनी में जिन अवशेषों को एक साथ लाया गया है उनमें 1898 में कपिलवस्तु की खुदाई से प्राप्त अवशेष, 1972 की खुदाई से प्राप्त खजाने, कोलकाता स्थित भारतीय संग्रहालय से प्राप्त अवशेष और रत्नजड़ित खजाने हैं।

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण: उपराष्ट्रपति

चेन्नई। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए निरंतर सीखने, नैतिक मूल्यों और उभरती तकनीकों एवं कृत्रिम बुद्धिमता के युग में अनुकूलनशीलता पर बल दिया है। डॉ. एम.जी.आर. शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान के 34वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री राधाकृष्णन ने शुक्रवार को स्नातकों से ईमानदारी, दृढ़ता और राष्ट्र सेवा की भावना से उत्कृष्टता प्राप्त करने को कहा। उपराष्ट्रपति ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए स्नातकों को बधाई दी और कहा कि दीक्षांत समारोह ज्यादा जिम्मेदारियों और अवसरों के साथ जीवन के नये चरण के आरंभ का प्रतीक है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्नातक पेशेवर दक्षता, करुणा और प्रतिबद्धता के जरिये समाज में सकारात्मक योगदान देंगे। ज्ञान और समुद्री व्यापार के केंद्र के रूप में तमिलनाडु की ऐतिहासिक भूमिका को याद करते हुए श्री राधाकृष्णन ने कहा कि इन तटों के व्यापारियों ने भारत के विचारों, नैतिकता



और संस्कृति को दुनिया भर में फैलाया, जो राष्ट्र की आत्मविश्वासपूर्ण सभ्यतागत भागीदारी और सीखने और आदान-प्रदान के प्रति खुलेपन को दर्शाता है।

उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1947 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक नागरिक, विशेष रूप से युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने का आह्वान भी किया।

उन्होंने तेजी से हो रहे तकनीकी बदलाव पर जोर देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उभरती प्रौद्योगिकियां सभी क्षेत्रों को बदल रही हैं और इस क्षेत्र में निरंतर सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से अपने कौशल को निखारने, जीवन भर सीखने की मानसिकता अपनाने और अपने मूल विषयों से परे भी नयी तकनीकों से जुड़ने पर जोर दिया।

# स्वामी यतीश्वरानंद के जन्मदिन पर समर्थकों का शक्ति प्रदर्शन, विधायक बनाने का संकल्प

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

हरिद्वार स्थित वेद मंदिर आश्रम शुक्रवार को उत्साह, श्रद्धा और राजनीतिक ऊर्जा का केंद्र बन गया, जब पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही आश्रम परिसर में ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई देने लगी और 'स्वामी यतीश्वरानंद जिंदाबाद' के नारों से वातावरण गूंज उठा। समर्थकों ने फूल-मालाएं पहनाकर, बुके भेंट कर और मिठाई खिलाकर अपने लोकप्रिय नेता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।





जन्मदिन समारोह केवल बधाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शक्ति प्रदर्शन और विश्वास का प्रतीक बन गया। समर्थकों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में स्वामी यतीश्वरानंद को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजा जाएगा। समर्थकों के इस उत्साह और स्नेह से स्वामी यतीश्वरानंद भी भावुक और प्रफुल्लित नजर आए। वेद मंदिर आश्रम में सुबह से देर शाम तक शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने स्वामी यतीश्वरानंद के दीर्घायु, स्वस्थ जीवन और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान ने स्वामी यतीश्वरानंद को अपना राजनीतिक गुरु बताते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन जनसेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रहित को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी जी जनता की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके समाधान के लिए हमेशा अग्रणी रहे हैं।

जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि स्वामी यतीश्वरानंद के जन्मदिन पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है और वर्ष 2027 में भाजपा तीसरी बार सरकार बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वामी यतीश्वरानंद हरिद्वार ग्रामीण से तीसरी बार विधायक चुने जाएंगे और पुनः कैबिनेट मंत्री बनकर क्षेत्र तथा प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। स्वामी यतीश्वरानंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समर्थकों के स्नेह से अभिभूत है। उन्होंने कहा के बड़ी संख्या में समर्थक बधाई देने पहुंचे है, मैं सभी का आभार व्यक्त करने के साथ ही जनसेवा के लिए संकल्पबद्ध हूं।

जन्मदिन कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, सदस्य सोहनवीर, मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौहान, प्रधान प्रदीप चौहान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

# रिसर्च में छाए रामानंद इंस्टीट्यूट के शिक्षक, नवाचार से सशक्त हुआ शैक्षणिक परिवेश

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

आज के समय में शिक्षा का वास्तविक मूल्य तभी सिद्ध होता है, जब वह शोध, नवाचार और समाजोपयोगी परिणामों से जुड़ी हो। प्रभावशाली रिसर्च ही विकसित भारत की मजबूत नींव रखती है। यह उद्गार अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं रामानंद इंस्टीट्यूट के चेयरमैन महंत रविंद्र पुरी जी महाराज ने उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली शोध पत्र प्रकाशित करने वाले शिक्षकों के सम्मान समारोह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहें।




02 जनवरी 2026 को रामानंद इंस्टीट्यूट परिसर में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महंत रविंद्र पुरी जी महाराज ने कहा कि रामानंद इंस्टीट्यूट के शिक्षक निरंतर शोध और नवाचार के माध्यम से न केवल शैक्षणिक मानकों को ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं, बल्कि समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान भी प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शोध आधारित शिक्षा से ही युवा पीढ़ी को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सकता है। समारोह में फार्मेसी विभाग की प्राचार्य कुसुम लता को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने डायरिया की प्रभावी टैबलेट विकसित कर उस पर शोध पत्र प्रकाशित किया। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ा यह शोध आम जनमानस के लिए अत्यंत उपयोगी माना जा रहा है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक सचिन विश्नोई ने क्लाउड सिक्योरिटी एवं डेटा प्राइवेसी जैसे समसामयिक और संवेदनशील विषय पर शोध पत्र प्रकाशित कर डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक विश्वजीत ठाकुर ने डिस्क ब्रेक तकनीक में क्रांतिकारी बदलाव पर आधारित शोध से तकनीकी जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। सिविल इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक हिमांशु सिंह ने मशीन लर्निंग एवं नवीन ऑप्टिमाइजेशन तकनीकों के माध्यम से निर्माण प्रक्रियाओं में सुधार पर शोध प्रस्तुत किया, जो भविष्य की स्मार्ट कंस्ट्रक्शन और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। मैनेजमेंट एंड कॉमर्स विभाग की शिक्षिका शिवांगी वर्मा ने सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन, सर्च इंजन मार्केटिंग एवं डिजिटल एडवरटाइजिंग ऑप्टिमाइजेशन जैसे आधुनिक विषयों पर शोध पत्र प्रकाशित कर प्रबंधन शिक्षा को नई दिशा प्रदान की। इसके साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के शिक्षक मंजीत सिंह एवं श्वेता रानी को एआईसीटीई ट्रेनिंग एंड लर्निंग अकादमी द्वारा आयोजित फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर विशेष रूप से सराहा गया। समारोह में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि निरंतर शोध कार्य और उच्च गुणवत्ता वाले शोध पत्रों का प्रकाशन ही किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान बनता है। सभी शिक्षकों को उनकी उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा और शोध के पथ पर इसी प्रकार समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ते रहने का आह्वान किया गया।

## एक नजर

### धनौरी चौकी क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में भाजपा नेता की मौत

पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद के धनौरी पुलिस चौकी क्षेत्र में गुरुवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में भारतीय जनता पार्टी के नेता अमित सैनी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराने के कारण हुआ। अमित सैनी की मौत से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता अमित सैनी गुरुवार को किसी निजी कार्य के सिलसिले में अपनी कार से रुड़की गए थे। जब वे वापस लौट रहे थे, तभी रुड़की-धनौरी मार्ग पर उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई। कार की रफ्तार तेज होने के कारण वह पेड़ से टकराई और गहरे गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद धनौरी चौकी पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद गंभीर रूप से घायल अमित सैनी को कार से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार के कारण हुए हादसे का लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### लोगों को पर्यावरण–अनुकूल परिवहन सुविधा देना प्राथमिक लक्ष्य : रेखा गुप्ता

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि जनता को सस्ती, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल परिवहन सुविधा देना प्राथमिक लक्ष्य रहेगा।

श्रीमती गुप्ता ने आज यहां वाहन निर्माता कंपनियों और ओला, ऊबर जैसी एग्रीगेटर कंपनियों (एकत्रीकरण कंपनियों) के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य राजधानी में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की ओर लोगों का रुझान बढ़ाना और साझा परिवहन को प्रोत्साहित करना शामिल है। दिल्ली सरकार ने निजी ईवी वाहनों को शेयर टैक्सी के रूप में चलाने पर भी सहमति जताई है और कहा है कि इस उद्देश्य को साकार करने के लिए सरकार नियमों में बदलाव करेगी, साथ ही कंपनियों की समस्याओं को भी हल करने का प्रभावी तंत्र विकसित किया जाएगा।

# अटल स्मृति प्रदर्शनी का महापौर किरण जैसल ने फीता काटकर किया शुभारंभ

पथ प्रवाह, हरिद्वार। शुक्रवार को हरिद्वार नगर निगम में अटल स्मृति प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। महापौर किरण जैसल और हरिद्वार भाजपा जिला सह प्रभारी दीपक धमीजा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर किरण जैसल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई राजनीति के अजातशत्रु थे। उन्हें दूसरे दल भी पूरा सम्मान देते थे। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने अनेकों ऐसे कार्य किए हैं। जिससे भारत का मस्तक गर्व से ऊंचा हुआ है।



दीपक धमीजा ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई ने राजनीति में नए आयाम स्थापित किए। उन्होंने पक्ष और विपक्ष में रहते हुए बिना भेदभाव के सरकार द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की प्रशंसा की और उनके गलत कार्यों के बारे में चेतावनी दी। वह एक राजनीतिक होने के साथ-साथ अच्छे वक्ता, कवि और समाजसेवी थे। उन्होंने कभी भी हार और जीत की परवाह ना करते हुए। राजनीति में नए युग का आरंभ किया। जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि अटल जी के जीवन परिचय, राजनीतिक जीवन और उनकी कविताओं पर आधारित अटल स्मृति प्रदर्शनी के माध्यम से हम उनके बताएं मार्ग पर चल सकेंगे। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे युग पुरुष थे। जिन्होंने मां भारती का गौरव बढ़ाया है। उनके जन्म दिवस पर पूरे वर्ष भर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम सहसंयोजक विनीत जोली, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, आशु चौधरी, तरुण नैय्यर, राजकुमार अरोड़ा, रितु ठाकुर, लोकेश पाल, राकेश नौडियाल, पार्षद प्रशांत मन्नू सैनी, सचिन अग्रवाल, सूर्यकांत शर्मा, सचिन कुमार, भोला शर्मा, आदर्श पांडे, गौरव वर्मा, पूनम माखन आदि उपस्थित रहे।

# चीन आने वाले समय में बलूचिस्तान में सैन्य बल तैनात कर सकता है – बलूच नेता की चेतावनी

नई दिल्ली। बलूचिस्तान लंबे समय से पाकिस्तान से अलग होने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है और ऐसे में अब उसे चीन का डर भी सता रहा है। हाल ही में एक के एक बलूचिस्तानी नेता ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को खुला पत्र लिखा है। इस चिट्ठी में बलूच नेता ने चेतावनी देते हुए कहा कि चीन आने वाले समय में बलूचिस्तान में सैन्य बल तैनात कर सकता है, जिससे न केवल हमें खतरा होगा यह भारत के लिए भी एक गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। मीर यार बलूच ने जयशंकर को संबोधित करते हुए इस पत्र में खुद को बलूचिस्तान का प्रतिनिधि बताते हुए आगाह किया कि अगर बलूचिस्तान की रक्षा और स्वतंत्रता सेनाओं को लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा, तो चीन अपने सैनिक तैनात कर सकता है। उन्होंने इस कदम को भारत और बलूचिस्तान के लिए खतरा बताया है। इसमें बताया कि अगर बलूचिस्तान की रक्षा और स्वतंत्रता सेनाओं की क्षमताओं को मजबूत नहीं किया गया तो भारत के लिए नया खतरा पैदा होगा।





## एक नजर

### तत्कालीन चौकी इंचार्ज पर 25 हजार का जुर्माना

पथ प्रवाह, हरिद्वार। सूचना के अधिकार अधिनियम का पालन न करना तत्कालीन चौकी इंचार्ज को महंगा पड़ गया। गैस प्लांट चौकी, बहादराबाद के तत्कालीन चौकी इंचार्ज यशवीर सिंह नेगी पर सूचना आयुक्त ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कड़ी चेतावनी जारी की है। साथ ही भविष्य में सूचना अधिकार अधिनियम के प्रति सजग रहने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए गए हैं। मामला शिवालिक नगर, हरिद्वार निवासी प्रकाश चन्द्र द्वारा दायर सूचना अधिकार आवेदन से जुड़ा है। प्रकाश चन्द्र ने बताया कि उन्होंने चौकी गैस प्लांट, बहादराबाद में एक महत्वपूर्ण पत्र के संबंध में सूचना मांगी थी, लेकिन तत्कालीन चौकी इंचार्ज द्वारा न तो निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराई गई और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई की गई। यह आचरण न केवल सूचना अधिकार अधिनियम का उल्लंघन था, बल्कि जवाबदेही और पारदर्शिता के सिद्धांतों के भी विपरीत था। सूचना न मिलने पर आवेदक ने मुख्य सूचना आयुक्त के समक्ष अपील दायर की। मामले की सुनवाई सूचना आयुक्त योगेश भट्ट की पीठ द्वारा की गई। सुनवाई के दौरान आयोग ने मामले को गंभीर मानते हुए तत्कालीन चौकी इंचार्ज को कारण बताओ नोटिस जारी किया और व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के आदेश दिए। हालांकि, तत्कालीन चौकी इंचार्ज द्वारा न तो संतोषजनक लिखित स्पष्टीकरण दिया गया और न ही आयोग को संतुष्ट करने वाला उत्तर प्रस्तुत किया गया। इस पर सख्त रुख अपनाते हुए सूचना आयुक्त योगेश भट्ट ने यशवीर सिंह नेगी पर अधिकतम 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया तथा भविष्य में सूचना अधिकार अधिनियम का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने की चेतावनी जारी की है।



### नए साल पर मिली खुशी, 29 जवानों के कंधे पर सजे स्टार



पथ प्रवाह, हरिद्वार। नया साल जनपद में तैनात 29 पुलिस जवानों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। यह खुशी उन्हें तब मिली जब उनके कंधों को प्रमोशन मिलने पर स्टार से सजाया गया। पुलिस मुख्यालय उत्तराखण्ड द्वारा जारी किए गए आदेश के आधार पर जनपद हरिद्वार में तैनात 29 जवानों को हेड कांस्टेबल से एडिशनल सब इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट किया गया है। शुक्रवार को सिटी और देहात क्षेत्र में आयोजित हुए अलग-अलग कार्यक्रमों में एसपी क्राइम/ ट्रैफिक जितेन्द्र मेहरा तथा एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल द्वारा पदोन्नत हुए जवानों को स्टार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रमोशन की बधाई दी। इस दौरान जवानों को और अधिक मेहनत के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। हेड कांस्टेबल से एडिशनल सब इंस्पेक्टर बनने वालों में सच्चिदानंद मनोडी, रविन्द्र गौड़, सुभाष बुटोला, मनमोहन सिंह, राम आशिष यादव, दरम्यान सिंह रावत, रणजीत सिंह, प्रवीण कुमार, सरदार सिंह तोमर, अश्वनी यादव, मोहन लाल, संजीव कुमार, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार शाह, श्याम बाबू, लक्ष्मण सिंह, कुंदन सिंह, अतर सिंह चौहान, बृजेश राणा, बलविंदर सिंह, प्रशान्त कुमार यादव, इतेन्द्र डबराल, रघुवीर, मनोज, जसवंत, सूरज पाल, बृजकिशोर, नवीन सिंह और गिरीश शामिल है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग से हटाए अवैध होर्डिंग और यूनिपोल

पथ प्रवाह, हरिद्वार। जनपद को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एनएचएआई ने शुक्रवार को हाइवे पर अभियान चलाकर अतिक्रमण और अवैध कब्जे हटाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रांतर्गत परिसंपत्तियों/ भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के स्पष्ट निर्देश दिए हुए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग से एनएचएआई द्वारा अतिक्रमण।हटाने की कार्रवाई की गई। अधिशासी अभियंता एनएचएआई अतुल शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 334 के किनारों से एवं रानीपुर झाल से बहादराबाद बाईपास तक एवं मंगलौर क्षेत्रांतर्गत अवैध रूप एवं बिना अनुमति के लगाए गए होर्डिंग एवं 14 बड़े यूनीपोल को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिकृत एजेंसी की टीम द्वारा हटाया गया। उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनाए गए खोखे, झुग्गी झोपड़ी को भी हटाया जा रहा है।



# सकारात्मक पत्रकारिता ही समाज को देती है सही दिशाः स्वामी यतीश्वरानंद

पथ प्रवाह, नवीन चौहान

पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने हिंदी दैनिक पथ प्रवाह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दौर में सकारात्मक और सत्यनिष्ठ पत्रकारिता की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार से प्रकाशित पथ प्रवाह अखबार ने कम समय में अपनी एक अलग पहचान बनाई है और सकारात्मक खबरों को प्राथमिकता देकर समाज में भरोसे का माहौल तैयार किया है।

वेद मंदिर स्थित आश्रम में पथ प्रवाह की टीम से बातचीत करते हुए स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि जो सच्चाई और जनहित को अपना आधार बनाता है, वही लंबे समय तक जनता के दिलों में अपनी जगह बना पाता है। उन्होंने कहा कि समाज को नकारात्मकता नहीं, बल्कि सच्चाई और प्रेरणा देने वाली खबरें पसंद हैं। ऐसे समाचार लोगों को आगे बढ़ने की ऊर्जा देते हैं और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में मीडिया में नकारात्मक खबरों की अधिकता देखने को मिली, जिससे समाज में निराशा का भाव पनपा। लेकिन अब समय बदल रहा है और पाठक भी सकारात्मक सोच के साथ प्रस्तुत की गई खबरों को महत्व देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि पथ प्रवाह जैसे अखबार इस बदलाव के प्रतीक हैं, जो निष्पक्ष, तथ्यपरक और रचनात्मक पत्रकारिता को आगे बढ़ा रहे हैं।



पूर्व कैबिनेट मंत्री ने पथ प्रवाह की टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अखबार को इसी तरह निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता करते हुए समाज की आवाज बनना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सकारात्मक पत्रकारिता का यह प्रयास आने वाले समय में और मजबूत होगा तथा युवाओं के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

इस अवसर पर पथ प्रवाह परिवार की ओर से स्वामी यतीश्वरानंद जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया गया और उनके मार्गदर्शन को पत्रकारिता के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

## एचआरडीए ने कनखल व रुड़की में अवैध निर्माण सील व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

पथ प्रवाह, हरिद्वार। शहरी क्षेत्र में अनियोजित विकास और अवैध निर्माणों पर लगाम कसने के लिए हरिद्वार रूड़की विकास प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया गया है। इसी क्रम में 02 जनवरी 2026 को प्राधिकरण की टीम ने हरिद्वार और रुड़की क्षेत्र में अवैध व्यवसायिक निर्माण एवं अनाधिकृत प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की।

पुरुषोत्तम विहार, कनखल हरिद्वार में धर्मपाल सिंह द्वारा लगभग 45म45 फीट क्षेत्रफल में भूतल, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय तल पर किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण को प्राधिकरण की टीम द्वारा सील किया गया। इसके साथ ही कनखल क्षेत्र में छोटी नहर के किनारे, हरे राम आश्रम के समीप ग्रुप हाउसिंग के सामने लगभग 130म50 फीट क्षेत्र में भूतल एवं प्रथम तल पर किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण को भी सील कर दिया गया।

वहीं रामपुर रुड़की क्षेत्र में नगर पंचायत के समीप अब्दुल मलिक द्वारा लगभग 5 से 6 बीघा भूमि में विकसित की जा रही अनाधिकृत प्लाटिंग पर प्राधिकरण की शाखा कार्यालय रुड़की की टीम ने पुलिस बल की उपस्थिति में जेसीबी मशीन की सहायता से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से विकसित की जा रही सड़कों एवं संरचनाओं को पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।



कार्रवाई के दौरान स्थल पर मौजूद अनाधिकृत निर्माणकर्ताओं को कड़े निर्देश दिए गए कि बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। प्राधिकरण अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी अवैध निर्माण पाए जाने पर इसी प्रकार की कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अभियान से क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## उत्तराखंड तपोभूमि के साथ सांस्कृतिक चेतना की भूमिः आनंद वर्धन

पथ प्रवाह, हरिद्वार। देवभूमि हरिद्वार के वैरागी कैंप में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वंदनीया माताजी एवं अखंड दीपक के शताब्दी वर्ष के पावन अवसर पर ऋषि क्षेत्र का भव्य अनावरण किया गया। यह ऐतिहासिक आयोजन न केवल देवभूमि को आध्यात्मिक ऊर्जा से आप्लावित करता है, बल्कि आधुनिक युग में प्राचीन ऋषि-ज्ञान की प्रासंगिकता को भी सशक्त रूप से रेखांकित करता है। अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री एवं सांसद अजय भट्ट ने कहा कि पूज्य गुरुदेव ने कठिन साधना और तपश्चर्या से जो बीज बोया था, वह आज एक विराट वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुका है। स्वयं को तपाकर उन्होंने मानवता को जो संदेश दिया, वह अमर है और विश्व के कोने-कोने में अखंड दीप की भांति प्रकाश फैलाता रहेगा। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार का प्रत्येक परिजन कठिन परिस्थितियों में भी मुस्कान के साथ निरंतर सेवा में संलग्न दिखाई देता है, जो उनके भीतर रचे-बसे कर्मयोग का प्रमाण है। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने कहा कि आध्यात्मिकता जीवन को संतुलन देने की विधि है यह जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करती है। वही विद्या सार्थक है,जो चरित्र निर्माण और लोक कल्याण की भावना को विकसित करे। हमारे ऋषियों ने समाज के बीच रहकर जीवन को ऊँचा उठाने की शिक्षा दी। गायत्री परिवार के अधिष्ठाता आचार्यश्री ने धर्म को चरित्र और कर्तव्य से जोड़कर प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि युग बदलता नहीं, युग बदला जाता है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड तपोभूमि के साथ सांस्कृतिक चेतना की भूमि है भी है,हमारे पर्वत हमें स्थिरता सिखाते हैं, वहीं हमारी नदियां हमें प्रवाह सिखाती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट दृष्टिकोण है कि विकास प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, हम मानते है कि विकास आदमी के लिए होता है, आदमी विकास के लिए नहीं होता।उन्होंने विशेष रूप से से युवाओं का आवाहन करते हुए कहा कि आज का युवा केवल नौकरी नहीं ढूंढ रहा है और वह अर्थ और उद्देश्य भी ढूंढ रहा है।

#### प्राचीन ऋषि परंपरा के पुनर्जीवन की आवश्यकताः पंड्या

अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पंड्या ने कहा कि युगऋषि पूज्य गुरुदेव ने हम सभी को एक सूत्रबद्ध भाव- धारा से जोड़ा है। आज का यह समय आध्यात्मिक और सामाजिक दोनों दृष्टियों से अत्यंत मूल्यवान है। उन्होंने वंदनीया माताजी के दिव्य संदेश का स्मरण कराते हुए कहा कि भारत को सर्वसमर्थ बनाने के लिए भारतीय संस्कृति को सुदृढ़ करना होगा। उन्होंने प्राचीन ऋषि परंपरा के पुनर्जीवन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। विश्व हिंदू परिषद के मिलिंद परांडे ने कहा कि गायत्री परिवार ने सभी जाति और धर्मों को एक सूत्र में पिरोने का भगीरथ प्रयास किया है। इससे पूर्व मेयर श्रीमती किरण जैसल सहित अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने साधना, सेवा, संस्कार और राष्ट्र-निर्माण के क्षेत्र में गायत्री परिवार द्वारा किए जा रहे कार्यों को प्रेरणास्पद बताया।



#### इन्हें किया गया सम्मानित

इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों सहित नितिन गौतम, तरुण वशिष्ठ आदि को देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतीक चिह्न, युगसाहित्य, गंगाजली एवं गायत्री महामंत्र अंकित उपवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, एचआरडीए सचिव मनीष कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान सहित प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, शांतिकुंज व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि सहित देश के कोने-कोने से आए हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## सुशासन का उत्तराखण्ड मॉडल

उत्तराखण्ड में सुशासन अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि ज़मीनी हकीकत बनता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' कार्यक्रम ने शासन की पारंपरिक कार्यशैली को बदलते हुए प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को निर्णायक रूप से कम किया है। यह अभियान संवेदनशील, जवाबदेह और परिणामोन्मुख शासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है।

02 जनवरी 2026 की दैनिक प्रगति रिपोर्ट इस बात की स्पष्ट गवाही देती है कि सरकार काग़ज़ी योजनाओं से आगे बढ़कर वास्तविक जनसेवा की दिशा में ठोस कदम उठा चुकी है। प्रदेश के सभी 13 जनपदों में एक ही दिन में 204 जनसेवा कैम्पों का आयोजन और 1 लाख 35 हजार से अधिक नागरिकों की सहभागिता अपने आप में ऐतिहासिक है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि जनता ने इस कार्यक्रम को विश्वास के साथ अपनाया है और इसे अपनी समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच माना है।

इन कैम्पों के माध्यम से प्रशासन पहली बार व्यापक स्तर पर जनता के द्वार तक पहुँचा। परिणामस्वरूप ग्रामीण, पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को अब तहसील या जिला मुख्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़े। 17,747 शिकायतों में से 12,776 का मौके पर या त्वरित कार्यवाही से निस्तारण प्रशासनिक दक्षता और इच्छाशक्ति का प्रमाण है। लगभग तीन-चौथाई समस्याओं का तत्काल समाधान यह दर्शाता है कि शासन अब टालमटोल नहीं, बल्कि समाधान की संस्कृति को अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

साथ ही, 19,734 प्रमाण पत्र आवेदनों और 77,203 लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ यह सिद्ध करता है कि योजनाएँ अब केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं हैं। एक ही मंच पर सेवाओं और लाभों की उपलब्धता ने गरीब, वंचित, दिव्यांग और बुजुर्ग नागरिकों के लिए शासन को कहीं अधिक सुलभ बनाया है।

इस सफलता के मूल में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की स्पष्ट सोच और सख्त निर्देश रहे हैं। 'अधिकारी कार्यालयों में नहीं, फील्ड में हों '–यह मंत्र प्रशासनिक तंत्र को सक्रिय और संवेदनशील बनाने में निर्णायक साबित हुआ है। निर्णय लेने में सक्षम अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति, लंबित मामलों की निरंतर मॉनिटरिंग और जवाबदेही तय करने की व्यवस्था ने शासन में पारदर्शिता को मजबूती दी है।

सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इस अभियान ने बिचौलियों और भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया है। सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होने से विश्वास बढ़ा है और समाधान की गति तेज हुई है। मुख्यमंत्री के शब्दों में, यह कार्यक्रम केवल प्रशासनिक पहल नहीं, बल्कि 'विश्वास, समाधान और संवेदनशीलता पर आधारित उत्तराखण्ड मॉडल ऑफ गुड गवर्नेंस' है।

आज 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' उत्तराखण्ड में सुशासन की नई पहचान बन चुका है। यदि यही प्रतिबद्धता और निरंतरता बनी रही, तो यह अभियान आने वाले समय में राज्य के विकास और जनकल्याण का मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## 2026 का वर्ष, सत्ता पक्ष के लिए चुनौती?

**सनत जैन**

साल 2026 भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। यह वर्ष केवल कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाला समय यह भी तय करेगा, राष्ट्रीय राजनीति की धुरी किस दिशा में घूमेगी। एक ओर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अपने सियासी विस्तार को दक्षिण और पूर्वी भारत तक फैलाने के इरादे से चुनाव मैदान में उतर रही है, दूसरी ओर कांग्रेस के सामने अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को दोबारा हासिल करने की चुनौती है। इसके साथ वाम दलों और तृणमूल कांग्रेस एवं अन्य क्षेत्रीय शक्तियों के लिए भी 2026 का वर्ष किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। बीजेपी के लिए 2026 इसलिए अहम है, क्योंकि जिन पांच राज्यों–असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी–में चुनाव होने हैं, उनमें से केवल असम में उसकी पूर्ण बहुमत की सरकार, और पुडुचेरी में वह सहयोगी दलों के सहारे सत्ता में है। असम में बीजेपी पिछले दस वर्षों से सत्ता में है। अब उसके सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती है। हालांकि यह राह आसान नहीं दिख रही है। कांग्रेस ने गौरव गोगोई के नेतृत्व में राज्य में नई ऊर्जा दिखाई है, जिससे असम में मुकाबला कड़ा होने की संभावना है। कांग्रेस असम में मजबूत प्रदर्शन करती है, तो बीजेपी की पूर्वोत्तर रणनीति को बड़ा झटका लग सकता है। पुडुचेरी में भी एनडीए सरकार की स्थिति अस्थिर मानी जा रही है। आंतरिक कलह और कमजोर जनाधार के कारण यहां सत्ता में वापसी बीजेपी के लिए कठिन हो सकती है। वहीं पश्चिम बंगाल में दशकों से कमल खिलाने का सपना अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। ममता बनर्जी की बंगाल की सत्ता पर मजबूत पकड़ है। बीजेपी घुसपैठ और राष्ट्रवाद जैसे मुद्दों को उठाकर माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। बंगाली अस्मिता और मुस्लिम वोट बैंक ममता के लिए बड़ी ताकत हैं। दक्षिण भारत बीजेपी के लिए अभी भी सबसे बड़ी चुनौती है। तमिलनाडु और केरल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उत्तर भारत जैसी असरदार नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में बीजेपी का खाता नहीं खुलना, इस सच्चाई को रेखांकित करता है। यहां भाजपा अपने गठबंधन सहयोगियों पर निर्भर है। केरल में बीजेपी तीसरे विकल्प के रूप में खुद को स्थापित करने की कोशिश कर रही है। तिरुवनंतपुरम के निकाय चुनाव में मिली सफलता से भाजपा का उत्साह जरूर बढ़ा है। केरल की पारंपरिक द्विध्रुवीय राजनीति को तोड़ना अभी भी भाजपा के लिए कठिन है। कांग्रेस के लिए 2026 में जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें वह केवल तमिलनाडु की डीएमके की जूनियर पार्टनर के रूप में शामिल है। भारत जोड़ो यात्रा के बाद 2024 में कांग्रेस ने वापसी के संकेत दिए थे। 2025 में पार्टी फिर से संगठनात्मक कमजोरी और आंतरिक मतभेदों से जूझ रही है। 2026 में भी कांग्रेस ठोस जीत दर्ज नहीं कर पाती, तो उसका राष्ट्रीय विकल्प बनना और मुश्किल हो जाएगा।

कांग्रेस की उम्मीद केरल और असम से जुड़ी हैं। केरल में यूडीएफ और एलडीएफ के बीच सीधा मुकाबला है। कांग्रेस के भीतर, नेतृत्व को लेकर खींचतान उसकी राह कठिन बना रही है। गुटबाजी और मुख्यमंत्री पद को लेकर अटकलें केरल में कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती हैं। असम में कांग्रेस वापसी की कोशिश कर रही है। वाम दलों के लिए 2026 अस्तित्व की लड़ाई है। बंगाल और त्रिपुरा से सत्ता गंवाने के बाद अब केवल केरल ही उनका आखिरी मजबूत गढ़ बचा है। यदि केरल में वाम की हार होती है, तो राष्ट्रीय राजनीति में वामपंथ की प्रासंगिकता पर गंभीर सवाल खड़े हो जाएंगे। दूसरी ओर, ममता बनर्जी के लिए भी यह चुनाव आसान नहीं है। पंद्रह साल की सत्ता के बाद सत्ता विरोधी लहर, बीजेपी का आक्रामक अभियान और कांग्रेस-वाम गठजोड़ की चुनौती– इन सब से निपटना उनके लिए यह चुनाव बड़ी परीक्षा होगी। तमिलनाडु में डीएमके का गढ़ फिलहाल मजबूत नजर आता है। जयललिता के बाद एआईएडीएमके का बिखराव और आंतरिक संघर्ष मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के लिए राहत है।

## पश्चिम बंगाल में कौन है सांप्रदायिक?

**बीपी गौतम**

भारतीय जनता पार्टी पर मंदिर-मस्जिद की राजनीति करने का आरोप विपक्ष लगाता रहता है लेकिन, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का विधायक मस्जिद की नींव रख रहा है, जिसे पार्टी से निष्कासित करने के बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकाल का विशाल मंदिर बनवाने की घोषणा कर दी, इस सबके बीच पश्चिम बंगाल पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने संस्कृति, राष्ट्र और नागरिकों की सुरक्षा के साथ विकास की बात की और इधर दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी प्रगति की बात कर रहे हैं, इसी बदलते दृश्य से ही अवगत करा रहे हैं बीपी गौतम...

### बेलडांगा में रखी गई मस्जिद की नींव

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद की नींव का पत्थर रख दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने भव्य समारोह का आयोजन किया, इस दौरान हजारों की भीड़ मौजूद रही, जिसने हुमायूं कबीर के समर्थन में जमकर नारेबाजी की, यह कार्यक्रम 1992 में अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस की 33वीं वर्षगांठ के दिन रखा गया, इस घटना से पूरे राज्य में सांप्रदायिक तनाव जैसी स्थिति बन गई, जिसके चलते पुलिस-प्रशासन ने भारी सुरक्षाबल तैनात किये थे। समारोह कुरान पाठ के बाद शुरू हुआ, जिसमें सम्मिलित होने के लिए लोग सैकड़ों किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचे थे।

कार्यक्रम के आयोजक हुमायूं कबीर ने दावा किया कि यह एक छोटे पैमाने पर बाबरी मस्जिद की एग्जैक्ट रेप्लिका होगी, यह हमारा धार्मिक अधिकार है और हम शांति बनाये रखेंगे। शिलान्यामस समारोह में मौजूद जन-समूह को संबोधित करते हुए हुमायूं कबीर ने कहा कि मालदा, मुर्शिदाबाद और दक्षिण 24 परगना के लोग बाबरी मस्जिद के निर्माण में योगदान देंगे, मेरे पास मस्जिद बनाने के लिए 25 बीघा जमीन है लेकिन, स्थानीय प्रशासन हमें रोक रहा है, हमें सरकारी धन की जरूरत नहीं होगी, मैं उस व्यक्ति का नाम नहीं लूंगा, जिसने हमें मस्जिद बनाने के लिए 80 करोड़ रुपये देने पर सहमति जताई है, मैं सरकार से एक रुपया भी नहीं लूंगा, फिर मस्जिद की पवित्रता अखंड नहीं रहेगी। हुमायूं कबीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस का समर्थन मिल रहा है, मेरी सुरक्षा की जा रही है, इसके लिए धन्यवाद देता हूं, मैं पूरी मुस्लिम कम्युनिटी को दिल से सलाम और मुबारकबाद देता हूं, इस दौरान मंच से हुमायूं कबीर ने कहा कि 2024 में मैंने घोषणा की थी कि मैं जल्द ही मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का उद्घाटन करूंगा, आज 6 दिसंबर को मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद की नींव रखने के लिए यहां आए हैं, इसके अलावा बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए मालदा सहित कई जिलों से कंस्ट्रक्शन का सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा पहुंचे हैं। बंगाल के अलग-अलग हिस्सों से कुछ मुस्लिम लोग अपने सिर पर ईंट रखकर मुर्शिदाबाद पहुंचे हैं, एक व्यक्ति ने कहा कि हमारी मस्जिद बनेगी। समारोह स्थल नारा-ए-तकबीर और अल्लाहु अकबर के नारों से गूंजता।

### हुमायूं कबीर ने बनाई नई पार्टी

हुमायूं कबीर पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं, इन्हें मस्जिद बनवाने की घोषणा करने के बाद 4 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस ने निष्कासित कर दिया था, जिसके बाद विधायक हुमायूं कबीर ने अपनी नई पार्टी बना ली, जिसका नाम जनता उन्नयन पार्टी रखा है। उन्होंने कहा था कि मैं आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में किंग मेकर बनकर सामने आउंगा। जो भी सीएम बनेगा, उसे ऐसा करने के लिए मेरे समर्थन की जरूरत पड़ेगी, इससे पहले हुमायूं कबीर ने दावा किया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में न तो सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और न ही मुख्य विपक्षी पार्टी भारतीय जनता पार्टी अपने दम पर बहुमत का आंकड़ा छू पाएगी। हुमायूं कबीर ने कहा कि कोई भी पार्टी अकेले दम पर 148 सीटों का आकंड़ा पार नहीं कर पायेगी।

### आग से खेल रही हैं ममता बनजीः मालवीय

भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल साइट्स एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राजनीतिक लाभ के लिए मुस्लिमों के ध्रुवीकरण के लिए इस विधायक का इस्तेमाल कर रही हैं, वह आग से खेल रही हैं। उन्होंने कहा कि बेलडांगा से आ रही रिपोर्टों ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। अमित मालवीय ने दावा किया कि कबीर के समर्थकों को उस ढांचे के निर्माण के लिए ईंटें ले जाते हुए देखा गया, जिसे उन्होंने बाबरी मस्जिद बताया है, उन्होंने कहा कि हुमायूं कबीर ने कहा है, उन्हें पुलिस का समर्थन हासिल है।

### सिलीगुड़ी में ममता बनवायेंगी विशाल महाकाल मंदिर

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य में सबसे बड़े महाकाल मंदिर के निर्माण को लेकर घोषणा की, उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी में इस मंदिर की आधारशिला जनवरी के दूसरे सप्ताह में रखी जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए जरूरी धनराशि की व्यवस्था कर ली गई है, इस मंदिर के निर्माण से सिलीगुड़ी में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कोलकाता के न्यू टाउन में देवी दुर्गा को समर्पित परिसर दुर्गा आंगन के आधारशिला समारोह में आईं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस साल अक्टूबर में उत्तरी बंगाल में आई आपदा के दौरान अपने दौरे के समय घोषणा की थी कि सिलीगुड़ी में भी दार्जिलिंग की तरह महाकाल मंदिर बनाया जायेगा। यह मंदिर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से ही जाना जाएगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर भी परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि वह लंबे समय से गंगासागर में पुल निर्माण को लेकर प्रयास कर रही थीं लेकिन, अब राज्य सरकार खुद इस परियोजना को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने घोषणा की कि गंगासागर में प्रस्तावित पुल की नींव 5 जनवरी को रखी जाएगी और अगले दो वर्षों में इसे आम जनता के लिए खोल दिया जायेगा। यह भी बता दें कि ममता बनर्जी इससे पहले दीघा में एक जगन्नाथ मंदिर भी बनवा चुकी हैं। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया है कि एसआईआर के नाम पर लोगों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में ही एसआईआर प्रक्रिया के चलते करीब 60 लोगों की मौत हुई है। बांकुड़ा की जनसभा में ममता बनर्जी ने कहा कि चुनाव से पहले वे सोनार बांग्ला का वादा करते हैं लेकिन, दूसरे राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों को पीटा जाता है। बांकुड़ा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि एसआईआर एक बहुत बड़ा घोटाला है और एआई तकनीक का इस्तेमाल करके एसआईआर किया जा रहा है।

## पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले जिन्होंने की बालिका शिक्षा की शुरुआत

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

पहली महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले ने कन्या शिशु हत्या को रोकने के लिए भी काम किया। उनके पति ज्योतिराव, जो बाद में ज्योतिबा के नाम से जाने गए। दलित महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने, छुआछूत के खिलाफ आवाज उठाने के कारण जब वह स्कूल जाती थीं, तो उनके विरोधी उन्हें पत्थर मारते थे। कई बार उनके ऊपर गंदगी फेंकी गई। सावित्रीबाई फुले एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थीं और स्कूल पहुंच कर गंदी हुई साड़ी बदल लेती थीं। 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ी इलाके में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की 9 छात्राओं के लिए इस विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष में सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले 5 नए विद्यालय खोलने में सफल हुए। पुणे में पहले स्कूल खोलने के बाद फूले दंपति ने 1851 में पुणे के रास्ता पेठ में लड़कियों का दूसरा स्कूल खोला और 15 मार्च 1852 में बताल पेठ में लड़कियों का तीसरा स्कूल खोला। उनकी बनाई हुई संस्था सत्यशोधन समाज ने 1876 और 1879 के अकाल में अन्न सत्र चलाया और अन्न इकटठा करके आश्रम में रहने वाले 2000 बच्चों को खाना खिलाने की व्यवस्था की।

सावित्रीबाई ने स्कूल में छात्राओं को पढ़ाने के साथ-साथ समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी। उन्होंने 28 जनवरी 1853 को बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की। उन्होंने विधवा पुनर्विवाह सभा का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जाता था। सन् 1890 में महात्मा ज्योतिबा फुले की मृत्यु के बाद सावित्रीबाई ने उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास किया। प्लेग के मरीजों की देखभाल करने के दौरान सावित्रीबाई की मृत्यु 10 मार्च सन 1897 को हुई।

उनके पिता का नाम खन्दोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मी था। उन्हें आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत माना जाता है। उन्होंने देश के पहले किसान स्कूल की भी स्थापना की थी देश मे 19वीं सदी तक स्त्रियों के कोई अधिकार नही थे, इन अधिकारों को प्राप्त करने व अशिक्षा, छुआछूत, सतीप्रथा, बाल या विधवा-विवाह जैसी कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाकर देश की पहली महिला शिक्षिका बनी थीं महाराष्ट्र में जन्मीं सावित्री बाई फुले। जिन्होंने अपने पति समाज सुधारक ज्योति राव फुले से पढ़कर सामाजिक चेतना फैलाई और नारी जाति का मान बढ़ाया।उन्होंने अंधविश्वास और रूढ़ियों की बेड़ियां तोड़ने के लिए लंबा संघर्ष किया था। सावित्रीबाई फुले 3जनवरी सन1831 में महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित नायगांव में पैदा हुई थीं। मात्र 9 साल की छोटी उम्र में पूना के रहने वाले ज्योति राव फुले के साथ उनकी शादी हो गई थी, विवाह के समय सावित्री बाई फुले पूरी तरह अनपढ़ थीं, जबकि उनके पति तीसरी कक्षा तक पढ़े हुए थे।वह भी पढ़ना चाहती थी, जिस दौर में वो पढ़ने का सपना देख रही थीं, तब वंचितों के साथ बहुत भेदभाव होता था, एक दिन सावित्रीबाई अंग्रेजी की किसी किताब के पन्ने पलट रही थीं, तभी उनके पिताजी ने देख लिया, वह दौड़कर आए और किताब हाथ से छीनकर घर से बाहर फेंक दी। वे बोले शिक्षा का हक़ केवल उच्च जाति के पुरुषों को ही है, दलित और महिलाओं को शिक्षा ग्रहण करना पाप है,ऐसा उन्होंने उस समय कहते है बताया तो उसी दिन सावित्री फेंकी गई किताब वापस लाकर प्रण कर बैठीं कि कुछ भी हो जाए वह एक न एक दिन पढ़ना जरूर सीखेंगी।ऐसा हुआ भी,अपने मजबूत इरादों के बल पर सावित्री बाई न सिर्फ पढ़ी बल्कि सावित्रीबाई फुले देश ही नही दुनिया की पहली महिला शिक्षिका भी बन गई। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भरसक प्रयास किये थे। उनके पति ने ही सावित्रीबाई के सपने को पूरा करने के लिए शिक्षा ग्रहण करने की इजाजत दी थी,साथ ही अक्षरज्ञान भी उन्होंने ही कराया।

शादी के बाद सावित्रीबाई पढ़ने के लिए स्कूल जाने लगीं, उनका काफी विरोध भी काफी हुआ। उन्हें रोकने के लिए लोग सावित्री बाई फुले पर पत्थर मारते थे। कूड़ा और कीचड़ फेंकते थे,लेकिन सावित्री बाई फुले ने हार नहीं मानी और पढ़ाई पूरी करके शिक्षिका बनने का स्वप्न पूरा किया।

सावित्रीबाई को महसूस हुआ कि देश में उन जैसी कितनी ही लड़कियां होंगी जो पढ़ना चाहती है। शिक्षा ग्रहण करने के लिए बालिकाओं को संघर्ष न करना पड़े, इसके लिए सावित्री बाई फुले ने सन 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में देश का पहला बालिका स्कूल स्थापित किया। बाद में उन्होंने लड़कियों के लिए 18 स्कूलों का निर्माण कराया।इसलिए हम कह सकते है कि सावित्रीबाई फुले एक समाज सेविका ही नहीं, बल्कि देश दुनिया की पहली महिला शिक्षक व देश के पहले बालिका स्कूल की प्रधानाचार्य भी बन गई थी। 66 वर्ष की उम्र में सावित्रीबाई फुले का 10 मार्च सन1897 को निधन हो गया था। सावित्रीबाई ने सन 1848 से लेकर सन1852 के बीच लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले थे। सावित्रीबाई ने सिर्फ शिक्षा के लिए ही नहीं, बल्कि देश में मौजूद कई कुरीतियों के खिलाफ भी आवाजा उठाई।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री आवास में खिलेगी ट्यूलिप की खुशबू, सीएम धामी ने सपरिवार रोपे बल्ब



**17 प्रजातियों के 4 हजार ट्यूलिप उगाने की शुरुआत, व्यवसायिक उत्पादन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश**

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर के उद्यान में 17 प्रजातियों के ट्यूलिप उगाने की मुहिम का शुभारंभ करते हुए सपरिवार ट्यूलिप के बल्ब रोपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास परिसर में कुल चार हजार ट्यूलिप बल्ब रोपे जा रहे हैं, जिनमें लेक पर्पल एवं बाईकलर जैसी आकर्षक और विशेष रंगत वाली प्रजातियाँ भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्प उत्पादन और बागवानी राज्य की आर्थिकी को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने उद्यान विभाग को ट्यूलिप के व्यवसायिक उत्पादन की ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते हुए नवाचार और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित से ट्यूलिप उत्पादन की प्रक्रिया, जलवायु अनुकूलता और संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली। साथ ही मुख्यमंत्री आवास परिसर में चल रहे मशरूम उत्पादन, मौनपालन एवं अन्य बागवानी गतिविधियों की भी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा कि राज्य में बागवानी, पुष्प उत्पादन और सहायक गतिविधियाँ स्वरोजगार और किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम बन सकती हैं। सरकार इन क्षेत्रों में नई संभावनाओं को तलाशते हुए किसानों को तकनीकी सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### श्यामपुर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक पकड़ा



पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार पुलिस द्वारा मादक पदार्थों/ अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान चण्डीघाट क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी का नाम आसीम पुत्र अर्जुन बताया गया है। उसके कब्जे से 40 टेट्रा पैक माल्टा मार्का मसालेदार देशी शराब बरामद की गई, थाना श्यामपुर पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### चैकिंग के दौरान पकड़े तीन संदिग्ध, तमंचा और चाकू बरामद

पथ प्रवाह, हरिद्वार। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को सघन चैकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी अभियान के तहत थाना बहादराबाद पुलिस ने सघन चैकिंग अभियान के दौरान तीन संदिग्ध पकड़े। पुलिस के मुताबिक चैकिंग के दौरान सहदेवपुर रोड पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे मोटरसाइकिल सवार 3 व्यक्तियों को रोककर चैक किया गया। तलाशी के दौरान संदिग्ध व्यक्ति आमीर के कब्जे से 1 अदद तमंचा 315 बोर मय 01 जिंदा कारतूस तथा नसीम व तंजीम के कब्जे से 01-01 अवैध चाकू बरामद किए गए। पूछताछ में संदिग्धों द्वारा किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से बहादराबाद क्षेत्र में घूमना प्रकाश में आया। हिरासत में लिए गए तीनों व्यक्तियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। आरोपियों के नाम आमीर पुत्र एहतशाम निवासी शाहबू खड़ी, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर (उ0प्र0), नसीम पुत्र नईम निवासी पठानपुरा, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर (उ0प्र0) और तंजीम पुत्र नसीम निवासी शाहू खड़ी, थाना देवबंद, जिला सहारनपुर (उ0प्र0) है।




# सीएम पुष्कर धामी ने बुक्सा जनजाति के गौरव राजा जगतदेव को दी श्रद्धांजलि

**पथ प्रवाह, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को उधमसिंह नगर जनपद के गदरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रोशनपुर डलबाबा में बुक्सा जनजाति समाज के वीर योद्धा राजा जगतदेव की प्रतिमा का वर्चुअल माध्यम से अनावरण किया। इस अवसर को बुक्सा जनजाति के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और बलिदान को नमन करने का महत्वपूर्ण दिवस बताया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजा जगतदेव का जीवन त्याग, वीरता, धर्मनिष्ठा और संस्कृति संरक्षण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। यह गाथा केवल वीरता की नहीं, बल्कि स्वाभिमान, आस्था और आत्मसम्मान की अदम्य शक्ति का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उधमसिंह नगर, नैनीताल, कोटद्वार सहित राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बसे बुक्सा समाज के लोग आज भी अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखे हुए हैं। राज्य सरकार जनजातीय समाज के सांस्कृतिक संरक्षण, ऐतिहासिक विरासत के दस्तावेजीकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रोजगार के क्षेत्र में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने राजा जगतदेव की




गौरवगाथा पर शोध कार्य कराए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय विकास को गति देने के लिए तीन महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं। ग्राम सभा रोशनपुर स्थित डलबाबा मंदिर परिसर में चाहरदीवारी, टीनशेड, फर्श एवं शौचालय का निर्माण कराया जाएगा। ग्राम बलरामनगर से खेमपुर तक 3 किलोमीटर सड़क तथा ग्राम सीतापुर से एएनके इंटर कॉलेज तक 4 किलोमीटर सड़क के पुनर्निर्माण कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर, नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ, दर्जामंत्री मंजीत सिंह राजू, जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नितिन भदौरिया एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# पटवारी का अवैध वसूली का ऑडियो वायरल, निलंबन के बाद तहसीलदार को सौंपी जांच

**पथ प्रवाह, देहरादून**

पटवारी के अवैध वसूली करने का ऑडियो वायरल होने के बाद जिलाधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई की संस्तुति कर दी। पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए हसीलदार को मामले की विस्तृत जांच करने के आदेश दिए गए है। निलंबन अवधि में पटवारी को तहसील कालसी स्थित रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया है। लाखामण्डल क्षेत्र में अवैध वसूली और भ्रष्टाचार की गंभीर शिकायत पर जिलाधिकारी सविन बंसल ने सख्त रुख अपनाते हुए राजस्व उप निरीक्षक (पटवारी) जयलाल शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। ऑडियो साक्ष्य और शपथ पत्र के साथ प्राप्त शिकायत को प्रथम दृष्टया सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी को लाखामण्डल, चकराता क्षेत्र के निवासियों द्वारा संयुक्त शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसमें पेनड्राइव के माध्यम से ऑडियो साक्ष्य भी संलग्न थे। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पटवारी जयलाल शर्मा द्वारा तैनाती के बाद दस्तावेज तैयार करने, दाखिल-खारिज, विक्रय पत्र एवं अन्य राजस्व संबंधी कार्यों के नाम पर



किसानों, काश्तकारों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के गरीब ग्रामीणों से खुलेआम नकद और ऑनलाइन माध्यम से अवैध धनराशि वसूली जा रही थी।

प्रकरण की प्रारंभिक जांच में आरोपों की गंभीरता सामने आने पर जिलाधिकारी ने इसे उत्तराखण्ड राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली, 2002 का प्रथम दृष्टया उल्लंघन मानते हुए निलंबन की कार्रवाई के आदेश दिए। जिलाधिकारी के अनुमोदन के उपरांत उप जिलाधिकारी मुख्यालय द्वारा निलंबन आदेश विधिवत जारी किए गए। निलंबन अवधि के दौरान संबंधित कर्मचारी को वित्तीय नियम संग्रह, खण्ड-2, भाग-2 से 4 के मूल नियम-53 के तहत अर्द्ध औसत वेतन के समतुल्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। साथ ही नियमानुसार महंगाई भत्ता भी अनुमन्य रहेगा, बशर्ते कर्मचारी यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे कि वह इस अवधि में किसी अन्य सेवा, व्यवसाय अथवा व्यापार में संलग्न नहीं है।

मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए तहसीलदार विकासनगर को जांच अधिकारी नामित किया गया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि एक माह के भीतर जांच पूर्ण कर अपनी विस्तृत आख्या जिलाधिकारी को प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिला प्रशासन भ्रष्टाचार और अवैध वसूली के मामलों में शून्य सहिष्णुता की नीति पर कार्य कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि जनहित से जुड़े मामलों में दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई न केवल प्रशासन की सख्ती को दर्शाती है, बल्कि आमजन में विश्वास बहाली की दिशा में भी एक मजबूत संदेश मानी जा रही है।

## एक क्लिक में मिलेगी 2003 की वोटर लिस्ट, गली-मोहल्ले से भी खोज सकेंगे नाम

**पथ प्रवाह, देहरादून।**

प्रदेश के मतदाताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम की पहल पर वर्ष 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने की प्रक्रिया को बेहद सरल और सुविधाजनक बना दिया गया है। अब मतदाता केवल एक क्लिक में, अपने गली, मोहल्ले या क्षेत्र के नाम के आधार पर भी वर्ष 2003 की वोटर लिस्ट में अपना नाम तलाश सकेंगे। यह सुविधा आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी न हो।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास ने बताया कि प्रदेशभर में आगामी 10 जनवरी तक बीएलओ आउटरीच अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर वर्ष 2003



की मतदाता सूची से उनकी जानकारी का सत्यापन कर रहे हैं। कई मतदाता ऐसे हैं, जिन्हें अपने वर्ष 2003 के मतदान केंद्र या बूथ की सही जानकारी उपलब्ध नहीं है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड की आधिकारिक वेबसाइट www.ceo.uk.gov.in पर 2003 की मतदाता सूची को नए और आसान विकल्पों के साथ उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने बताया कि पहले से ही मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने नाम या पिता/पति के नाम के आधार पर मतदाता क्रमांक और बूथ संख्या की जानकारी प्राप्त कर सकते थे। अब नए यूजर इंटरफेस के माध्यम से गली, मोहल्ले और एरिया के नाम से भी पोलिंग बूथ और संबंधित विवरण खोजा जा सकेगा, जिससे प्रक्रिया और अधिक सहज हो गई है।

सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जनसामान्य से अपील की है कि वे बीएलओ को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं और सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता के मताधिकार की सुरक्षा निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से बीएलओ द्वारा हर मतदाता तक पहुंच, संवाद और समन्वय सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि कोई भी योग्य मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे।

# ऑडियो व ब्लैकमेलिंग प्रकरण में उर्मिला सनावर की बढ़ीं मुश्किलें, गैर-जमानती वारंट जारी

**पथ प्रवाह, हरिद्वार**

अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े विवादित ऑडियो क्लिप और ब्लैकमेलिंग के मामलों में सहारनपुर की अभिनेत्री उर्मिला सनावर की कानूनी परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। हरिद्वार की रानीपुर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट से अभिनेत्री उर्मिला सनावर के खिलाफ गैर-जमानती वारंट हासिल कर लिया है, जबकि ज्वालापुर पुलिस भी उनके विरुद्ध वारंट लेने की तैयारी में जुटी हुई है।

पुलिस के अनुसार, अभिनेत्री उर्मिला सनावर और निष्कासित पूर्व भाजपा विधायक सुरेश राठौर लंबे समय से जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे। कई बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद दोनों के उपस्थित न होने पर पुलिस को कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद अब पुलिस की टीमें उर्मिला और सुरेश राठौर की तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस का दावा है कि दोनों की गिरफ्तारी जल्द हो सकती है। बताया जा रहा है कि उर्मिला सनावर के खिलाफ दर्ज मामलों में दो केस उस वायरल ऑडियो क्लिप से संबंधित हैं, जिसमें वह पूर्व विधायक सुरेश राठौर के साथ सह-आरोपी हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में सुरेश राठौर की पुत्री ने रानीपुर थाने में अभिनेत्री उर्मिला सनावर के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कराया था। इतना ही नहीं, एक अन्य ब्लैकमेलिंग प्रकरण में भी अभिनेत्री वांछित चल रही हैं।

एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पक्ष को जांच में शामिल होने के लिए कई बार नोटिस जारी किए गए, लेकिन सहयोग न मिलने पर कानूनी कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया। गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद पुलिस अब सख्त कार्रवाई के मूड में है।

क्या था मामला

24 मार्च 2025 को भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर की बेटी ने सहारनपुर निवासी अभिनेत्री उर्मिला सनावर और एक युवक के खिलाफ आपत्तिजनक फोटो प्रसारित करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि साजिश के तहत उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया और उन्हें ब्लैकमेल किया गया।

शिकायत में बताया गया कि होली के दिन एक परिचित युवक राघव ने मोबाइल फोन पर संपर्क कर शुभकामनाएं दीं। कुछ समय बाद एक अनजान मोबाइल नंबर से उनके आपत्तिजनक फोटो भेजे गए, जिन्हें तुरंत डिलीट भी कर दिया गया। जब ट्रू कॉलर पर नंबर सर्च किया गया तो उस पर राघव का नाम दिखाई दिया। आरोप है कि 21 मार्च को उर्मिला सनावर ने सहारनपुर के गोविंदनगर सदर बाजार से जुड़े मोबाइल नंबरों के माध्यम से पीड़िता की मां को मैसेज कर बताया कि फोटो उन्हें राघव से मिले हैं और बदले में रकम की मांग की गई। 22 मार्च को पीड़िता की मां के मोबाइल फोन पर उर्मिला द्वारा फोटो भेजे जाने का भी आरोप है।

पूर्व विधायक राठौर के घर पर नोटिस चस्पा

पूर्व विधायक सुरेश राठौर पर कानूनी शिकंजा और कसता नजर आ रहा है। हरिद्वार पुलिस के बाद अब देहरादून पुलिस ने भी ज्वालापुर स्थित उनके आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस जारी होने के बावजूद सुरेश राठौर अब तक पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए हैं।

गौरतलब है कि देहरादून के नेहरू कॉलोनी थाने में आरती गौड ने पूर्व विधायक सुरेश राठौर और अभिनेत्री उर्मिला सनावर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया गया था कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उन्हें बदनाम किया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है और आने वाले दिनों में इस हाई-प्रोफाइल मामले में बड़ी कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 88.84 करोड की धनराशि

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जनपद देहरादून के अन्तर्गत जॉलीग्रान्ट एयरपोर्ट देहरादून में स्टेट गेस्ट हाउस के निर्माण हेतु 4.46 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। क्षतिग्रस्त पटवारी चौकियों के पुनर्निर्माण के लिए 15 करोड़ स्वीकृत किये है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने विभिन्न जनपदों के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावानुसार 30 से 70 प्रतिशत तक क्षतिग्रस्त 225 पटवारी चौकियों एवं 70 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त 37 पटवारी चौकियों के पुनर्निर्माण/निर्माण कार्य हेतु आपदा मोचन निधि से 15 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

#### सडक निर्माण, जल संवर्द्धन एवं वाहन क्रय किये जाने हेतु स्वीकृत किये गये 3.73 करोड

मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने जनपद चम्पावत के अन्तर्गत सहायक नदी/धारा उपचार-(कालसन भोलेश्वर) से समग्र जल संरक्षण/जल संवर्द्धन तथा मृदा संरक्षण उपचार/पुरोद्धार से संबंधित कार्य हेतु 3.39 करोड़ की योजना जलागम प्रबन्धन के अन्तर्गत स्वीकृत किये जाने तथा राजस्व परिषद द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में जिला कार्यालय, देहरादून हेतु निष्प्रयोज्य वाहनों के स्थान पर 03 बोलेरो वाहन प्रति वाहन मूल्य ? 10.00 लाख की दर से क्रय किये जाने के साथ ही जनपद चमोली के अन्तर्गत विकासखण्ड पोखरी में डिग्री कॉलेज पोखरी मोटर मार्ग के कि0मी0-01, हेमी 2-4 से न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय एवं आवास तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण (प्रथम चरण का कार्य लम्बाई-0.500 किमी0) कार्य हेतु 4.17 लाख की योजना स्वीकृत किये जाने के साथ ही का अनुमोदन प्रदान किया गया है।]

### मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कार्बन क्रेडिट के संबंध में दिए निर्देश

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में कार्बन क्रेडिट के सम्बन्ध में सम्बन्धित विभागों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने सम्बन्धित विभागों द्वारा कार्बन क्रेडिट की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड के लिए कार्बन क्रेडिट एक महत्त्वपूर्ण आय का श्रोत बन सकता है। इसके लिए विभागों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सम्भावनाएं तलाशनी होंगी। साथ ही कार्बन क्रेडिट किस प्रकार से लिया जा सकता है उसके लिए तैयारियाँ करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पर्यावरण विभाग कार्बन क्रेडिट के लिए नोडल विभाग के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि शुरुवात में ऐसे लॉ हैंगिंग फ्रूट्स जिनमें आसानी से सफलता प्राप्त हो सकती है, पर कार्य शुरू किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड में एक हजार इलेक्ट्रिक बसें शुरू की जा रही हैं। परिवहन विभाग को इलेक्ट्रिक बसों के माध्यम से कार्बन क्रेडिट का लाभ मिल सकता है। उन्होंने वन पंचायतों के माध्यम से वन विभाग और पैक्स (चा⁄बै) के माध्यम से सहकारिता विभाग कार्बन क्रेडिट अर्जित कर सकते हैं और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में बेचकर अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य सचिव ने पर्यावरण विभाग को शीघ्र ही कार्बन क्रेडिट के लिए नॉलेज पार्टनर के रूप में किसी एजेन्सी को अपने साथ शामिल किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागों को भी आपसी सामंजस्य से इस दिशा में कार्य किए जाने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु एवं एपीसीसीएफ एस.पी. सुबुद्धि सहित विभिन्न सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की सख्ती : अनधिकृत अनुपस्थिति पर चिकित्सक की सेवा समाप्ति

पथ प्रवाह, देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चिकित्सक के लंबे समय से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में कड़ा कदम उठाते हुए एक होम्योपैथिक चिकित्सक की सेवा समाप्त करने का अनुमोदन प्रदान कर दिया है। देहरादून जिले के अंतर्गत राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय चकराता में तैनात चिकित्सक डॉ. उमंग शर्मा लगभग दो वर्षों से बिना सूचना के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रही थीं। संबंधित चिकित्सक को कार्यस्थल पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, इसके बावजूद वह अपनी तैनाती स्थल पर नहीं पहुँची। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित चिकित्सक के विरूद्ध मूल नियम 18(3) के अंतर्गत सेवा समाप्त करने की कार्रवाई शुरू की गई थी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने इस कार्रवाई को अंतिम रूप से अनुमोदित करते हुए अनधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रही उक्त चिकित्सक की सेवा समाप्त किए जाने हेतु औपचारिक अनुमोदन प्रदान किया है।

## महास्वच्छता अभियान के दूसरे दिन शहर से गांव की गलियों तक की गई सफाई

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ, स्वच्छ एवं सुंदर बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में तथा जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद में निरंतर चलाए जा रहे सफाई अभियान का असर धरातल पर दिखने लगा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने जनपद वासियों से अपेक्षा की है कि सभी संकल्प ले की हम अपने घर आंगन एवं आस पास क्षेत्र को साफ सुथरा रखने तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए इस माह सफाई अभियान में अपना पूर्ण सहयोग दें। बीएचईएल नगर प्रशासक संजय पवार ने अवगत कराया है कि बीएचईएल क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 4 चौराहा, नजदीक ईसीजी कार्यालय से वेस्टर्न गेट चौराहा तक भेल टाउनशिप एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट द्वारा साफ सफाई अभियान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग एवं एनएचएआई एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा अपनी अपनी सड़कों में चलाया गया सफाई अभियान। अधिशासी अभियंता एनएचएआई अतुल शर्मा ने अवगत कराया है कि दूधाधारी फ्लाईओवर एवं राजमार्ग संख्या 334 व 34 पर हरिद्वार शहरी क्षेत्र में झाड़ी कटान के साथ ही साफ सफाई का कार्य कराया गया। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग सुरेश तोमर ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा आज लक्सर हरिद्वार मार्ग पदार्था गांव के पास सड़क किनारे झाड़ी कटान के साथ साथ साफ सफाई का कार्य कराया गया। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग हरिद्वार दीपक वर्मा ने अवगत कराया है कि रोशनाबाद बिहारीगढ़ नजदीक रसूलपुर मार्ग पर सड़क किनारे उगी झाड़ियों की कटान के साथ साफ सफाई कराई गई। अधिशासी अभियंता लोनिवि रुड़की विपुल सैनी ने अवगत कराया है कि पुहाना से झबरेडा मार्ग एवं पथरी पुल से धनौरी तक सड़क मार्ग पर साफ सफाई का कार्य कराया गया। खंड विकास अधिकारी खानपुर ने अवगत कराया है कि खानपुर क्षेत्रांतर्गत सफाई अभियान चलाया गया जिसमें कूड़ा एकत्रित किया गया। खंड विकास अधिकारी नारसन ने अवगत कराया है कि नारसन क्षेत्रांतर्गत ग्राम मंडोली, नसीरपुर, आदि क्षेत्रों में सड़क किनारे पड़े मिट्टी को उठाया गया। इसके साथ ही साफ सफाई कराई गई। खंड विकास अधिकारी रुड़की ने अवगत कराया है कि रुड़की क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत खाताखेड़ी, नन्हेडा अन्तपुर में सफाई के कार्य कराया गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी सरकार की प्राथमिकता, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : अजय टम्टा

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा**




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा है कि सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इस दिशा में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण से जुड़े सभी आगणन दीर्घकालिक दृष्टि से तैयार किए जाएं ताकि भविष्य में बार-बार सुधार कार्यों की आवश्यकता न पड़े। भारत सरकार राज्य में सड़क अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने जिले में घटित सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा दुर्घटनाओं के कारणों, संवेदनशील स्थलों और रोकथाम के उपायों पर गंभीर मंथन किया गया।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने सड़क सुरक्षा को अत्यंत संवेदनशील विषय बताते हुए कहा कि थोड़ी सी लापरवाही भी मानव जीवन के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों यानी ब्लैक स्पॉट की पहचान कर वहां त्वरित सुधारात्मक कार्य किए जाएं। इसके तहत साइन बोर्ड, रिफ्लेक्टर, क्रैश बैरियर, स्पीड ब्रेकर, सड़क मार्किंग और प्रकाश व्यवस्था को प्रभावी ढंग से सुदृढ़ किया जाए।

मंत्री ने यातायात नियमों के कड़ाई से पालन पर विशेष जोर देते हुए ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल बसों, टैक्सियों और अन्य सार्वजनिक वाहनों की नियमित जांच कर उनकी फिटनेस, चालकों के लाइसेंस और प्रशिक्षण की गहन समीक्षा करने को भी कहा।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए जनसहभागिता भी बेहद जरूरी है। इस दिशा में जनजागरूकता कार्यक्रमों, स्कूलों और कॉलेजों में सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियान, कार्यशालाएं और जागरूकता रैलियों के आयोजन पर जोर दिया गया।

बैठक में सड़क निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के अनुपालन, दुर्घटना की स्थिति में त्वरित राहत व्यवस्था, एंबुलेंस सेवाओं की उपलब्धता और घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि दुर्घटनाओं की संख्या में ठोस और स्थायी कमी लाई जा सके।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने 'नेक राहवीर' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से पूछताछ के बजाय अब प्रोत्साहन राशि दी जाती है। उन्होंने इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

इसके साथ ही मंत्री ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दिए कि सड़कों के किनारे खड्ड साइड पौधारोपण कराया जाए, जिससे दुर्घटना की स्थिति में बड़ी जनहानि को रोका जा सके।

बैठक में उपस्थित जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने केंद्रीय राज्य मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा सहित लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।





## एक नजर

### द्वाराहाट वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश, एसडीएम नामित

पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। अल्मोड़ा जनपद के द्वाराहाट क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में जिला मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि 06 दिसंबर 2025 को तहसील द्वाराहाट अंतर्गत वाहन संख्या यूके-01 टीए 1046 लगभग एक बजे द्वाराहाट से नौबाड़ा जाते समय कफलानी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के समय वाहन में चार लोग सवार थे। हादसे में वाहन चालक की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वाराहाट में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कराने का निर्णय लिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिला मजिस्ट्रेट द्वाराहाट को जांच अधिकारी नामित करते हुए निर्देश दिए हैं कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की विस्तृत जांच कर स्पष्ट एवं तथ्यात्मक आख्या तैयार की जाए। जांच अधिकारी को एक पक्ष के भीतर रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### स्वास्थ्य विभाग में 1046 पदों पर शीघ्र भर्ती, अस्पतालों की सफाई व्यवस्था होगी सुदृढ़

पथ प्रवाह, देहरादून। प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत विभिन्न चिकित्सा इकाइयों में लंबे समय से रिक्त पड़े 1046 चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों एवं पर्यावरण मित्रों के पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। यह नियुक्तियां आउटसोर्स के माध्यम से की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरणों, बुनियादी ढांचे और मानव संसाधन की उपलब्धता के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को भी चाकचौबंद किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश की विभिन्न चिकित्सा इकाइयों और विभागीय कार्यालयों में वर्षों से रिक्त पड़े चतुर्थ श्रेणी और पर्यावरण मित्रों के पदों को भरे जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. रावत ने जानकारी दी कि कुल 1046 पदों में से 680 पद चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के तथा 366 पद पर्यावरण मित्रों के हैं। चतुर्थ श्रेणी के पदों में हरिद्वार में 89, नैनीताल में 196, पौड़ी में 40, चमोली में 131, उत्तरकाशी में 38, अल्मोड़ा में 31, बागेश्वर में 10, पिथौरागढ़ में 99, चंपावत में 25 तथा स्वास्थ्य महानिदेशालय में 21 पद शामिल हैं। वहीं पर्यावरण मित्रों के पदों में हरिद्वार में 21, नैनीताल में 136, पौड़ी में 37, चमोली में 43, उत्तरकाशी में 36, अल्मोड़ा में 16, बागेश्वर में 15, पिथौरागढ़ में 43, चंपावत में 15 तथा स्वास्थ्य महानिदेशालय में 4 पद रिक्त हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन सभी पदों को आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से भरा जाएगा। इसके लिए आउटसोर्स कंपनी के चयन की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि युवाओं को शीघ्र नियुक्ति मिल सके। उन्होंने यह भी बताया कि रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून और ऊधमसिंह नगर जनपदों में भर्ती प्रक्रिया पहले ही प्रारंभ की जा चुकी है।



### बल्लारी में हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत ; भाजपा नेताओं पर मामला दर्ज

बेल्लारी।कर्नाटक के बल्लारी में हिंसक झड़प और गोलीबारी में एक राजनीतिक कार्यकर्ता की मौत के बाद पुलिस ने भाजपा नेता जनार्दन रेड्डी और पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी और जनार्दन रेड्डी के समर्थकों के बीच गुरुवार को जनार्दन रेड्डी के आवास के पास बैनर लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस कहासुनी ने बाद में हिंसक रूप ले लिया। अधिकारियों के अनुसार, शुक्रवार को होने वाले वाल्मीकि प्रतिमा अनावरण समारोह से पहले शुरू हुई यह पत्थरबाजी और अराजकता तब और गंभीर हो गई जब विधायक भरत रेड्डी के एक सहयोगी के सुरक्षाकर्मी ने कथित तौर पर हवा में दो गोलियां चलाईं। इस हिंसा में कांग्रेस के एक युवा कार्यकर्ता राजशेखर की मौत हो गयी। बताया जा रहा है। जिले में बढ़ते तनाव को देखते हुए प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस घटना के बाद पुलिस ने जनार्दन रेड्डी सहित 11 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है, वहीं हिंसा के दौरान मौके पर पहुंचे उनके सहयोगी बी. श्रीरामुलु पर भी अलग से मामला दर्ज किया गया है। कांग्रेस और भाजपा, दोनों ही खेमों ने एक-दूसरे पर उकसावे की कार्रवाई और हिंसा भड़काने के आरोप लगाए हैं। विधायक भरत रेड्डी का कहना है कि बैनर सार्वजनिक सड़क पर लगाए गए थे और उन पर हमला राजनीतिक द्वेष के चलते किया गया। दूसरी ओर, पिछले साल अपनी पार्टी का भाजपा में विलय करने वाले जनार्दन रेड्डी ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस विधायक अपने साथ अवैध निजी बंदूकधारी लेकर आए थे और यह गोलीबारी उनकी हत्या करने की साजिश थी। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बता रही है, लेकिन एक कार्यकर्ता की मौत के बाद प्रस्तावित वाल्मीकि कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### उमर ख़ालिद की बिना ट्रायल के लंबी हिरासत को लेकर वॉशिंगटन में भारत के राजदूत को पत्र

नई दिल्ली। अमेरिका के सांसदों के एक समूह ने छात्र कार्यकर्ता और स्कॉलर उमर ख़ालिद की बिना ट्रायल के लंबी हिरासत को लेकर चिंता जताई है और इस मुद्दे पर वॉशिंगटन में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को पत्र लिखा है। जमानत दिए जाने की मांग करते हुए अमेरिकी कांग्रेस और सीनेट के सदस्यों ने पत्र में कहा है कि लगभग पांच वर्षों से ख़ालिद का जेल में बंद रहना 'न्यायिक प्रक्रिया, मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत भारत की जिम्मेदारियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में वरिष्ठ डेमोक्रेट नेता और कांग्रेसमैन जेम्स पी। मैकगवर्न और जेमी रैस्किन, सीनेटर क्रिस वैन होलेन और पीटर वेल्च, तथा कांग्रेस सदस्य प्रमिला जयपाल, जैन शाकोव्स्की, राशिदा तलैब और लॉयड डॉगेट शामिल हैं।

## नव नियुक्त सहायक सांख्यिकी अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

पथ प्रवाह, पौड़ी। जिला अर्थ एवं संख्या कार्यालय में नव नियुक्त सहायक सांख्यिकी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राम सलोने ने बताया कि अर्थ एवं संख्या विभाग द्वारा राज्य के समस्त शहरी स्थानीय निकायों के वार्डों में सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र से संबंधित बुनियादी सुविधाओं का आकलन करने हेतु सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल में प्रथम चरण के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में नगर निगम कोटद्वार के 40 वार्डों तथा द्वितीय चरण में शेष 67 वार्डों में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। इसी के मद्देनजर यह प्रशिक्षण दिया गया।



उन्होंने बताया कि इस सर्वे के अंतर्गत ऐप के माध्यम से संबंधित वार्डों का जीआईएस मैपिंग किया जाएगा। साथ ही 14 विभिन्न खंडों के अंतर्गत सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर वार्डों में उपलब्ध सुविधाओं एवं सेवाओं का विवरण ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। बताया कि इन 14 खंडों में सरकारी एवं निजी क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाएं और दवा दुकानें, शिक्षा संस्थान एवं पुस्तकालय, कारखाने एवं विनिर्माण इकाइयाँ, गैर-विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र से संबंधित रोजगार की स्थिति, भंडारण सुविधाएं, पशुपालन एवं पशु-चिकित्सा सेवाएं, शहरी क्षेत्रों से पलायन की स्थिति, निर्माण गतिविधियाँ, विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांगजन से संबंधित आंकड़े, होटल-होम स्टे, मनोरंजन पार्क, बैंकिंग सुविधाएं, पेयजल, सीवरेज एवं स्वच्छता सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के आंकड़े एकत्रित किए जाएंगे। सर्वेक्षण का मूल उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के नियोजित विकास हेतु उपलब्ध सेवाओं एवं सुविधाओं का आकलन करना और भविष्य में समय रहते नीतिगत निर्णय सुनिश्चित करना है। इससे निकायों एवं वार्डों की वास्तविक विकास स्थिति का तुलनात्मक मूल्यांकन किया जा सकेगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर सांख्यिकी अधिकारी रणजीत सिंह रावत, अरविंद मिश्र, शालिनी राठौर, सीमा धीमान, जीआईएस विश्लेषक किरन सहित विभिन्न विकास खंडों में नव नियुक्त सहायक सांख्यिकी अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरियों के प्रयास से बीरोंखाल और सतपुली में मजबूत हुई अल्ट्रासाउंड व्यवस्था

पथ प्रवाह, पौड़ी। जनपद के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों, विशेषकर बीरोंखाल और सतपुली में गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को समय पर अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से लागू कर दी गई हैं। इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी जरूरतमंद को आवश्यक चिकित्सकीय जांच के लिए लंबी दूरी तय न करनी पड़े और सभी को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर ही समय पर सुविधा उपलब्ध हो सके।




इस क्रम में पीसीपीएनडीटी एक्ट के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा बीरोंखाल तथा सतपुली अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीनों के संचालन की अनुमति प्रदान कर दी गयी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल में डॉ. अंकिता रावत को प्रत्येक शुक्रवार अल्ट्रासाउंड जांच संचालन की अनुमति प्रदान की गयी है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतपुली में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार के डॉ. निशांत गर्ग प्रत्येक बुधवार अल्ट्रासाउंड सेवा उपलब्ध कराएंगे। इससे बीरोंखाल, सतपुली तथा आसपास के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को अब जांच के लिए दूर के अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में यह सुनिश्चित किया गया है कि जहां कहीं भी रेडियोलॉजिस्ट उपलब्ध नहीं हैं, वहां योग्य चिकित्सकों के माध्यम से वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि किसी भी महिला को जांच सुविधा से वंचित न रहना पड़े। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में बीरोंखाल एवं सतपुली के लिए आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए हैं।

इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल पौड़ी में तैनात रेडियोलॉजिस्ट डॉ. संजय त्यागी के 19 दिसंबर 2025 से 16 जनवरी 2026 तक उपार्जित अवकाश पर रहने की अवधि के दौरान स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को सप्ताह में एक दिन अल्ट्रासाउंड मशीन संचालन की अनुमति प्रदान की गयी है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य इकाइयों को निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक माह की 5 तारीख तक गर्भवती महिलाओं से संबंधित अद्यतन सूचनाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायी जाएं।

## ईरान में हिंसक विरोध प्रदर्शन: ट्रम्प ने चेतावनी देते हुए कहा अमेरिका हस्तक्षेप के लिए तैयार

वाशिंगटन/ तेहरान। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बीच ईरानी शासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों का दमन किया गया, तो अमेरिका मूकदर्शक बना नहीं रहेगा। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर जारी एक संदेश में स्पष्ट किया कि अगर ईरानी सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलायी या उनकी हत्या की, तो अमेरिका हस्तक्षेप करने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने लिखा, ' अगर ईरान शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाता है और उन्हें बेरहमी से मारता है, जो कि उनकी आदत है, तो अमेरिका उनकी मदद के लिए आएगा। हमने निशाना साध लिया है और आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। '



अमेरिकी राष्ट्रपति का यह संदेश ऐसे समय में सामने आया है, जब ईरान के कई शहरों में महंगाई और बेरोजगारी को लेकर पिछले पांच दिनों से व्यापक जन आक्रोश देखा जा रहा है। गौरतलब है कि ईरान में इन दिनों सरकार विरोधी प्रदर्शन चल रहे हैं। यह संकट देश की मुद्रा 'रियाल' में आयी ऐतिहासिक गिरावट के बाद और गहरा गया है। वर्तमान में एक अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 14.2 लाख रियाल के स्तर पर पहुंच गयी है। इस आर्थिक बदहाली के कारण तेहरान के ग्रैंड बाजार सहित प्रमुख बाजारों के व्यापारियों ने हड़ताल कर दी है। यह विरोध प्रदर्शन शुरू में केवल आर्थिक मांगों को लेकर शुरू हुए थे, वे अब राजनीतिक आंदोलन का रूप ले चुके हैं और प्रदर्शनकारी देश की शासन व्यवस्था में बदलाव की मांग कर रहे हैं।

इस बीच, सुरक्षा बलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों में अब तक कम से कम छह लोगों की मौत की खबर है। ईरानी प्रशासन ने इन प्रदर्शनों के पीछे पश्चिमी देशों का हाथ होने का आरोप लगाया है। ईरान की खुफिया एजेंसियों का दावा है कि विदेशी ताकतें देश में तख्तापलट की साजिश रच रही हैं और विरोध प्रदर्शनों की आड़ में इस्लामिक शासन को अस्थिर करना चाहती हैं। तेहरान के अलावा हालांकि इस्फहान, शिराज, यज्द और केरमानशाह जैसे शहरों में विरोध की आग लगातार फैलती जा रही है। विशेष रूप से लूर समुदाय के प्रभाव वाले क्षेत्रों में स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों का मानना है कि श्री ट्रम्प की ताजा चेतावनी से तेहरान और वाशिंगटन के बीच पहले से जारी तनाव और अधिक बढ़ सकता है।

# बहुउद्देशीय शिविर में 2201 लोगों को मिला योजनाओं का लाभ, 738 को जारी किये प्रमाण पत्र




पथ प्रवाह, हरिद्वार। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा की अध्यक्षता में विकासखंड भगवानपुर की न्याय पंचायत - चौल्ली शाहबुद्दीनपुर राजकीय उच्चतर मा.वि. चौल्ली में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 1629 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 550 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 2349 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग। आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 95 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 56 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति देशराज कर्णवाल ने कहा कि इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है तथा उनकी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान सुनिश्चित करना है। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 95 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिनमें से 56 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं।उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाशिचत करे।

उन्होंने उपस्थित क्षेत्रवासियों से भी कहा कि जनपद हरिद्वार को स्वच्छ,साफ इव सुंदर जनपद बनाने की दिशा में जिलाधिकारी के निर्देशन में सफाई अभियान चलाया जा रहा है,जिसमें उन्होंने सभी ग्रामीणों से स्वच्छता अभियान में अपनी भागीदारी करने की अपेक्षा किं गई है,उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने क्षेत्रों के आस पास की सफाई करते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देंगे,जिससे कि जनपद हरिद्वार को साफ, स्वच्छ एवं सुंदर जनपद बनाया जा सके। इस अवसर पर बहुउद्देशीय शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

### विकास खण्ड नारसन

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) दीपेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत डंडेरा के पंचायत घर खटका में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 188 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 572 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 1586 लोगों ने प्रतिभाग किया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए। शिविर में ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान खंड विकास अधिकारी सुभाष सैनी,क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी एवं भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### शिक्षकों ने अनेक बार सामाजिक परिवर्तनों की नींव रखी - राजनाथ सिंह

उदयपुर (ईएमएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था की मजबूती का आधार शिक्षक होता है। शिक्षक को समाज में सम्मान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए, क्योंकि इतिहास इस बात का साक्षी है कि शिक्षकों ने अनेक बार सामाजिक परिवर्तनों की नींव रखी है। उदयपुर में एक कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने कहा कि जो झुकना जानता है, वही उठना भी जानता है। शिक्षा को सम्मान देने से शिक्षा स्वयं विकास का पर्याय बन जाती है। ज्ञान के समुचित उपयोग के लिए विवेक अनिवार्य है। विवेकयुक्त ज्ञान ही कल्याणकारी होता है, अन्यथा वही ज्ञान विनाश का कारण भी बन सकता है। विवेक का विकास व्यक्ति के भीतर आवश्यक है। विद्यार्थियों को कैसे सोचना है और सर्वांगीण दृष्टिकोण कैसे विकसित करना है, इस दिशा में विश्वविद्यालयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज, राष्ट्र और भावी पीढ़ियों के निर्माण का सशक्त आधार है। शिक्षा वही सफल मानी जाती है जो धर्म को धारण कराए। यहां धर्म का तात्पर्य किसी संप्रदाय से नहीं, बल्कि उस दायित्वबोध और चेतना से है जो मानव चरित्र का निर्माण करती है। शिक्षा केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों, संवेदनाओं तथा आंतरिक गुणों और शक्तियों के विकास का साधन है। आस्था और विश्वास के बल पर जीवन की बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान संभव है।

### उमर ख़ालिद की बिना ट्रायल के लंबी हिरासत को लेकर वॉशिंगटन में भारत के राजदूत को पत्र

नई दिल्ली। अमेरिका के सांसदों के एक समूह ने छात्र कार्यकर्ता और स्कॉलर उमर ख़ालिद की बिना ट्रायल के लंबी हिरसत को लेकर चिंता जताई है और इस मुद्दे पर वॉशिंगटन में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा को पत्र लिखा है। जमानत दिए जाने की मांग करते हुए अमेरिकी कांग्रेस और सीनेट के सदस्यों ने पत्र में कहा है कि लगभग पांच वर्षों से ख़ालिद का जेल में बंद रहना 'न्यायिक प्रक्रिया, मानवाधिकारों और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत भारत की जिम्मेदारियों को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में वरिष्ठ डेमोक्रेट नेता और कांग्रेसमैन जेम्स पी. मैकगवर्न और जेमी रैस्किन, सीनेटर क्रिस वैन होलेन और पीटर वेल्च, तथा कांग्रेस सदस्य प्रमिला जयपाल, जैन शाकोव्स्की, राशिदा तलैब और लॉयड डॉगेट शामिल हैं।

### लोकपाल ने सात बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी टेंडर किया रद्द

नई दिल्ली। भारत के लोकपाल ने 70 लाख रुपये प्रति कार की कीमत वाली सात बीएमडब्ल्यू कारों की खरीद के लिए जारी टेंडर अब रद्द कर दिया है। ज्ञात हो कि टेंडर जारी करने की जुड़ी खबर सामने आने के बाद विपक्षी दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने महंगी कारों की खरीद को लेकर लोकपाल की तीखी आलोचना की थी। माना जा रहा है कि इस विवाद के कारण अब यह कदम उठाया गया है। अधिकारियों के अनुसार, खरीद रद्द करने का निर्णय लोकपाल की पूर्ण पीठ के एक प्रस्ताव के बाद लिया गया, जिसके बाद इस संबंध में 16 दिसंबर को एक औपचारिक संशोधन जारी किया गया। मालूम हो कि इससे पहले 16 अक्टूबर को जारी निविदा दस्तावेज़ में पहले यह कहा गया था कि भारत के लोकपाल ने, भारत के लोकपाल को सात बीएमडब्ल्यू 3 सीरीज 330 ली कारें सप्लाई करने के लिए प्रतिष्ठित एजेंसियों से खुली निविदाएं आमंत्रित की थीं।

### एक्स को एआई-जनित अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्रियों को तत्काल हटाने का निर्देश

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स को कड़ा नोटिस जारी करते हुए मंच से सभी एआई-जनित अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्रियों को तत्काल हटाने का निर्देश दिया। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा कि खासकर एक्स के कृत्रिम मेधा (एआई) ऐप 'ग्रोक के जरिए तैयार की गई सामग्री को तत्काल हटाना होगा। ऐसा नहीं करने पर सोशल मीडिया कंपनी के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। मंत्रालय ने भारत में एक्स के मुख्य अनुपालन अधिकारी को भेजे नोटिस में कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत निर्धारित वैधानिक 'जांच-पड़ताल दायित्वों का पालन न करने का आरोप है।

# गांधीजी की दुनिया में सबसे ऊंची मूर्ति गांधी सरोवर में बनेगी: रेवंत रेड्डी

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार महत्वाकांक्षी मूसी नदी जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत गांधी सरोवर (बहू घाट), लंगर हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करेगी।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में कहा कि बापू घाट का बहुत ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह मूसी और ईसा नदियों का संगम स्थल है, जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का विसर्जन किया गया था।

इस बात पर बल देते हुए कि मानव सभ्यता हमेशा नदी घाटियों के किनारे ही फली-फूली है, उन्होंने काकातीयों से लेकर निजाम युग तक हैदराबाद की जल प्रबंधन विरासत पर बात की।

श्री रेड्डी ने याद दिलाया कि 1908 की विनाशकारी बाढ़ के बाद, निज़ाम सरकार ने स्थायी समाधान के रूप में उस्मान सागर और हिमायत सागर जलाशयों का निर्माण किया, जो आज भी हैदराबाद की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि आलोचनाओं के बावजूद उनकी सरकार ने इन जलाशयों के प्रदूषण को रोकने के लिए कड़े कदम उठाये।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लंदन, न्यूयॉर्क, जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर जैसे वैश्विक शहरों में नदी तट विकास मॉडल का अध्ययन किया है और पाया है कि सभी विश्व स्तरीय शहर अपने नदी घाटियों की रक्षा करते हैं। गुजरात में साबरमती नदी तट और उत्तर प्रदेश में गंगा के जीर्णोद्धार का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐसी पहलों के खिलाफ नहीं है और मूसी नदी के लिए भी इसी तरह की सर्वोत्तम प्रथाओं को अपना रही है।

मूसी नदी में गंभीर प्रदूषण का जिक्र करते हुए श्री रेड्डी ने कहा कि औद्योगिक अपशिष्ट, पशुओं के शव और अनुपचारित मलजल के कारण नदी के निचले इलाकों, विशेषकर नालगोंडा जिले में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को नदी में स्वच्छ जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए विशेषज्ञ परामर्श के साथ विस्तृत योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं।

सरकार मूसी नदी की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए गोदावरी नदी के पानी को मोड़ने की योजना बना रही है, जिसमें से 15 टीएमसी पेयजल के लिए और पांच टीएमसी पानी नदी में निरंतर स्वच्छ प्रवाह बनाये रखने के लिए उपयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एशियाई विकास बैंक ने परियोजना के लिए 4,000 करोड़ रुपये का ऋण देने पर सैद्धांतिक सहमति दी है, जबकि केंद्र ने गांधी सरोवर के विकास को मंजूरी प्रदान की है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परियोजना के लिए रक्षा भूमि आवंटित करने पर अस्थायी सहमति दी है।

श्री रेड्डी ने गांडीपेट से गौरेली तक 55 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर की योजना की भी घोषणा की और कहा कि हैदराबाद का मूल केंद्र, पुराना शहर, दुनिया के बेहतरीन शहरी केंद्रों में से एक बनेगा।

उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में शहरीकरण 75 प्रतिशत तक बढ़ जाएगा। उन्होंने इस पर विधायकों से रचनात्मक सुझाव भी मांगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प हैदराबाद को विश्व स्तरीय शहर में परिवर्तित करना है। उन्होंने कहा कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार होने के बाद, इसे सुझावों के लिए सभी विधायकों के साथ साझा किया जाएगा।

# आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाना जारी रखते हुए हमसे पानी साझा करने का अनुरोध नहीं कर सकते - जयशंकर

चेन्नई। चेन्नई में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईआईटी) मद्रास के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि बात जब 'बुरे पड़ोसियों' की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर कोई पड़ोसी देश भारत में आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो वह नयी दिल्ली से पानी साझा करने की मांग नहीं कर सकता। साथ ही जयशंकर ने कहा कि 'अच्छे पड़ोसियों' के मामले में भारत निवेश करने, मदद देने और साझा करने में कभी पीछे नहीं हटता, फिर चाहे वह कोविड-19 महामारी के दौरान टीके हों, यूक्रेन संघर्ष के दौरान ईंधन एवं खाद्य सहायता हो या श्रीलंका को उसके वित्तीय संकट के दौरान दी गई चार अरब अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद हो। विदेश मंत्री ने पाकिस्तान का नाम



लिए बगैर कहा कि बात जब 'बुरे पड़ोसियों' की आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। चेन्नई में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी (आईआईटी) मद्रास के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए जयशंकर ने कहा, 'भारत की प्रगति इस क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक लहर है और हमारे अधिकांश पड़ोसी मानते हैं कि भारत की प्रगति से उनका भी विकास होता है। लेकिन जब आतंकवाद फैलाने वाले बुरे पड़ोसियों की बात आती है, तो भारत को अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है और वह हर संभव कदम उठाएगा।

आप हमारे देश में आतंकवाद फैलाना जारी रखते हुए हमसे पानी साझा करने का अनुरोध नहीं कर सकते।' विदेश मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति से बचने के लिए अन्य देशों के साथ संवाद करना जरूरी है, जिसमें भारत के इरादों को गलत तरीके से समझा जाए। उन्होंने कहा, 'लोगों को आपको गलत समझने से रोकने का तरीका है संवाद करना। अगर आप अच्छी तरह, स्पष्ट रूप से और ईमानदारी से संवाद करते हैं, तो अन्य देश और अन्य लोग इसका सम्मान करते हैं और इसे स्वीकार करते हैं।'

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com